FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत जिला कलक्टर सीकर

मोहम्मद शकील **बनाम** **दड़की वगैरहा**

मुकदमा नम्बर ....11.... / 2019 किस्म मुकदमा अपील 225 आर.टी. एक्ट

<table>
<tr><th>तारीख हुक्म</th><th>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स</th><th>नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए</th></tr>
<tr><td>26-3-19</td><td>पत्रावली पेश हुई। वकील श्री सांवरमल उपस्थित। यह अपील तहसीलदार सीकर के आदेश दिनांक 29.01.2019 के विरूद्व पेश की गई है। वहस प्रार्थना–पत्र एकतरफा सुनी गई।

वकील अपीलान्ट की कथन है कि खसरा नम्बर 832 रकबा 1.01 हैक्टेयर वाकै ग्राम जगमालपुरा तहसील सीकर में छोटे–छोटे आवासीय भूखण्ड बने हुए हैं, जिसकी पुष्टि तहसीलदार सीकर के आदेश दिनांक 20.05.2010 से होती है। प्रकरण न्यायालय हाजा से रिमाण्ड होने पर तहसीलदार सीकर ने अपने निर्णय दिनांक 29.01.2019 में भूखण्डधारियों को अतिक्रमी मानकर अतिक्रमण से बेदखल करने का आदेश पारित किया है, जो न्यायोचित नहीं है। भूखण्डधारी वर्षो से उक्त भूमि पर आवासीय भवन निर्माण कर निवास करते आ रहें हैं। अतः तहसीलदार सीकर के आदेश दिनांक 29.01.2019 की क्रियान्विति पर रोक लगाई जावे।

हमने वकील अपीलान्ट की बहस पर मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन किया। उपलब्ध दसतावेजों से प्रथम दृष्ट्या विदित होता है कि उक्त भूमि पर कुछ आवासीय परिसर निर्मित हैं तथा शेष कुछ भूखण्ड खाली पड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में अपीलान्ट को बेदखल किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है।

अतः तहसीलदार सीकर को निर्देशित किया जाता है कि खसरा नम्बर 832 रकबा 1.01 हैक्टेयर वाकै ग्राम जगमालपुरा तहसील सीकर के मौके की यथास्थिति आगामी आदेशों तक बनाये रखें।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर हो। रेस्पोडेन्टस् को नोटिस जारी हो। अधीनस्थ न्यायालय का रिकॉर्ड तलब किया जाकर पत्रावली दिनांक 14-5-19 को पेश हो।

जिला कलक्टर, सीकर
जिला कलक्टर, सीकर</td><td></td></tr>
<tr><td>4.4.19</td><td>मिशल तलबी का प्रा० पत्र पेश करने पर पत्रावली पेश हुई। अपीलान्ट ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सहवन से अपीलान्ट का नाम गलत टंकित हो जाने के कारण अपील विड्रा किये जाने की अपील की है। प्रा० पत्र स्वीकार किया जाता है। अपील विड्रा होने से खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

जिला कलक्टर, सीकर</td><td>[illegible]</td></tr>
</table>

Scanned by CamScanner